# Government National College, Sirsa

# Values, Ethics and Constitutional Obligations 2021-22

| Celebration of National Unity Day | |
|---|---|
| **Date** | **No. of Students** |
| **31-10-2021** | **110** |

National Unity Day was celebrated on 31.10.2021 by the students of NSS and Oath of National Unity was taken by the volunteers



## राष्ट्रीय एकता दिवस शपथ

मैं सत्यनिष्ठा से शपथ लेता हूँ कि मैं राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित करूंगा और अपने देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने का भी भरसक प्रयत्न करूंगा। मैं यह शपथ अपने देश की एकता की भावना से ले रहा हूँ जिसे सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों द्वारा संभव बनाया जा सका। मैं अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान करने का भी सत्यनिष्ठा से संकल्प करता हूँ।

| Oath of Preamble of the Constitution | |
|---|---|
| **Date** | **No. of Students** |
| **24-12-2021** | **140** |

# स्वयंसेवकों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलाई गई



**पल पल न्यूज: सिरसा, 25 दिसंबर।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा की एनएसएस की इकाइयों द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत संविधान को जानो कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत सर्वप्रथम स्वयंसेवकों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ ग्रहण करवाई गई। इस मौके पर एनएसएस के स्वयंसेवकों को राजेंद्र ढूकड़ा ने प्रस्तावना की हिंदी में शपथ दिलवाई तथा प्रस्तावना के अंग्रेज़ी अनुवाद को डॉक्टर अमनदीप ने पढ़कर सुनाया। एनएसएस प्रभारी डॉ जीतराम शर्मा ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए संविधान में वर्णित मौलिक अधिकारों के साथ साथ मौलिक कर्तव्यों के बारे में विस्तार पूर्वक बताया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्राचार्य डॉ संदीप गोयल ने बताया कि संविधान की प्रस्तावना उसकी आत्मा है और जब कभी भी कोई न्यायालय या माननीय सर्वोच्च न्यायालय निर्णय करता है तो वह संविधान की मूल भावना अर्थात प्रस्तावना को ध्यान में रखकर किया जाता है। इस अवसर पर एनएसएस के स्वयंसेवकों ने संविधान की प्रस्तावना वॉल पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर एनएसएस के कोऑर्डिनेटर डॉ जीतराम शर्मा व प्रोग्राम अधिकारी प्रो अमनदीप, प्रो रमेश सोनी तथा प्रो बबलेश उपस्थित रहे। इस अवसर पर राजनीति विभाग के प्रोफ़ेसर डा एचएस ढिल्लों ने संयसेवकों को संविधान को जानो विषय पर विस्तार भाषण दिया तथा संविधान के उच्च आदर्शों के बारे में बताया । प्राचार्य डॉक्टर संदीप गोयल ने एनएसएस के स्वयंसेवकों की तारीफ की तथा उन्हें संविधान के उच्च आदर्शों के अनुसार चलने का आह्वान किया तथा सदैव देश की एकता व अखंडता को बनाए रखने के लिए कार्य करने की प्रेरणा दी। अंत में प्रोफेसर रमेश सोनी ने सभी स्वयंसेवकों का धन्यवाद किया। यह जानकारी महाविद्यालय के प्रेस प्रवक्ता डॉ रविंद्र पुरी ने दी।



| Expert Lectures on Constitution, Fundamental Duties and Dr. B.R. Ambedkar's Life | |
|---|---|
| **Date** | **No. of Students** |
| **24-12-2021** | **140** |

Expert Lectures on "Know your Constitution" by Prof. H.S. Dhillon and on "Fundamental Duties" by Dr. Jeet Ram Sharma and on "Dr. B.R. Ambedkar's Life" delivered by Prof. Amandeep dated 24.12.2021 organised by NSS


Azadi ka Amrit Mahotsav
Know Our Fundamental Duties
Talk by Prof. Jeet Ram Sharma




Azadi ka Amrit Mahotsav
Know Our Constitution
Expert talk by Prof. H.S Dhillon

| Essay Writing Competition on ‘Fundamental Duties, Life and Teachings of Dr. B.R. Ambedkar and Environment Protection | |
|---|---|
| **Date** | **No. of Students** |
| **29-12-2021** | **10** |

An Essay Writing Competition was organised by NSS in collaboration with Public Administration on the themes “Fundamental Duties”, “Life and Teachings of Dr. B.R. Ambedkar” and “Environment Protection” on 29.12.2021. 10 volunteers took part in this competition and Amit (B.Com.III), Rajender Dhukra (B.A III), Anjani (B.Sc.III) won first, second and third position respectively. The result was prepared and announced by 2 judges namely, Prof. Sanjeet and Prof. Sita Ram of Political Science.

## निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित




सिरसा केसरी | सिरसा

आज राजकीय नेशनल महाविद्यालय सिरसा की एनएसएस की इकाइयों द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत मनाए जा रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला को आगे बढ़ाते हुए, संविधान के मौलिक कर्तव्यों एवं अधिकारों तथा पर्यावरण के विषयों पर एक 'निबंध लेखन प्रतियोगिता' करवाई गई। इसमें प्रथम स्थान पर अमित बीकॉम तृतीय वर्ष, दूसरे स्थान पर राजेंद्र ढूकड़ा बीए तृतीय वर्ष व तिसरे स्थान पर अंजनी बीएसई तृतीय वर्ष को क्रमशः 500, 300 व 200 की नकद राशि इनाम स्वरूप प्राचार्य डॉ संदीप गोयल ने दी तथा चित्र लेखन में प्रथम स्थान पर कविता बेनीवाल व द्वितीय स्थान पर मुस्कान शर्मा तथा तृतीय स्थान पर आई सौम्या कौशिक को भी क्रमशः 500, 300 और 200 की नकद राशि वितरित की गई। इस अवसर पर कॉलेज प्राचार्य डॉ संदीप गोयल ने सभी विजेताओं को बधाई दी तथा उनको आगे भी ऐसे कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एनएसएस के प्रभारी डॉक्टर जीतराम शर्मा प्रोफेसर अमनदीप तथा प्रोफेसर रमेश सोनी प्रोफेसर मनदीप कौर उपस्थित रहे यह जानकारी कॉलेज के प्रवेश प्रवक्ता डॉ रविंद्र पुरी ने दी।



| Extension lecture on ‘Legal System and Students’ | |
|---|---|
| **Date** | **No. of Students** |
| **21-05-2022** | **73** |

An extension lecture on ‘Legal system and students’ was organised under the aegis of Legal literacy Cell. The lecture was delivered by Advocate Sh. Saurabh Nagpal.




| Extension Lecture on Sexual Harassment and Women Empowerment | |
|---|---|
| **Date** | **No. of Students** |
| **25-05-2022** | **95** |

An Extension lecture was organised on May 25, 2022 on the topic Sexual Harassment and Women Empowerment by Sexual Harassment Committee in collaboration with Beti Bachao Beti Padao Committee. On this occasion, the extension lecture was delivered by Smt. Balbir Kaur Gandhi, social worker and Advocate, District court, Sirsa. Smt Gandhi discussed various issues

related to sexual harassment and motivated the girl students for Empowerment.






25 May Evening 2022 all

# विद्यार्थियों को अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिएः डॉ. सुदेश गुप्ता

**पल पल न्यूजः सिरसा, 25 मई।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संदीप गोयल के मार्गदर्शन में और यौन उत्पीड़न समिति की अध्यक्षा डॉ सुदेश गुप्ता की अध्यक्षता में सिरसा शहर की अधिवक्ता एवं समाज सेविका बलबीर कौर गांधी के विस्तार व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। डॉ सुदेश गुप्ता ने श्रीमती गांधी का अभिनंदन करते हुए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए और साथ में अपने कर्तव्यों का भी पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करना चाहिए । इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ समिति की अध्यक्षा डॉ साक्षी मेहता ने मंच संचालन किया। गांधी ने बच्चों को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार सांझे किए। और विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी भी दी और यह भी कहा कि एक स्वस्थ समाज की संरचना में युवा वर्ग की अहम भूमिका होती है। इसीलिए उनको एकजुट होकर आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया । यौन उत्पीड़न के मुख्य कारणों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए उन्हें अपनी आवाज बुलंद करने का आवाहन किया। और विद्यार्थियों की सभी शंकाओं का निवारण भी किया। अंत में डॉ हरविंदर कौर ने सभी का धन्यवाद किया । इस मौके पर डॉ करमजीत कौर और प्रोफेसर दीपवाली देवी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

न बखूबा किया।　　　　　　　भी निभा रहे हैं।

# कालेज में व्याख्यान का आयोजन

**यूअर सिरसा न्यूज।** राजकीय नेशनल महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ संदीप गोयल के मार्गदर्शन में और यौन उत्पीड़न समिति की अध्यक्षा डॉ सुदेश गुप्ता की अध्यक्षता में सिरसा शहर की अधिवक्ता एवं समाज सेविका श्रीमती बलबीर कौर गांधी के विस्तार व्याख्यान का आयोजन करवाया गया। डॉ सुदेश गुप्ता ने गांधी का अभिनंदन करते हुए विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्हें अपने अधिकारों के प्रति सजग रहना चाहिए और साथ में अपने कर्तव्यों का भी पूरी निष्ठा के साथ निर्वहन करना चाहिए । इस अवसर पर बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ समिति की अध्यक्षा डॉ साक्षी मेहता ने मंच संचालन किया । श्रीमती गांधी ने बच्चों को संबोधित करते हुए महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार सांझे किए । और विद्यार्थियों को कानूनी जानकारी भी दी और यह भी कहा कि एक स्वस्थ समाज की संरचना में युवा वर्ग की अहम भूमिका होती है। इसीलिए उनको एकजुट होकर आगे बढ़ने के लिए भी प्रेरित किया । यौन उत्पीड़न के मुख्य कारणों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए उन्हें अपनी आवाज बुलंद करने का आवाहन किया। और विद्यार्थियों की सभी शंकाओं का निवारण भी किया। अंत में डॉ हरविंदर कौर ने सभी का धन्यवाद किया । इस मौके पर डॉ करमजीत कौर और प्रोफेसर दीपवाली देवी विशेष रूप से उपस्थित रहे।